
## खबर संक्षेप

### पार्सल वाहन और टाटा 407 की भिड़ंत में चार घायल

**सतना।** मैहर थाना अंतर्गत एनएच-30 पर धतूरा गांव के पास डाक सेवा वाहन पार्सल गाड़ी एवं टाटा 407 के बीच आमने-सामने से हुई टकर में कुल 4 व्यक्ति घायल हो गये। यह घटना शनिवार सुबह घटित हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस दुर्घटना में टाटा 407 के चालक के हाथ में काफी चोट आ गयी है,जबकि तीन अन्य व्यक्तियों को मामूली चोट बताई जाती है। 100 डॉयल और मैहर थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को मैहर चिकित्सालय पहुंचाया,जहां घायलों का उपचार चल रहा है। बताया गया है कि मामूली रूप से घायलों को आज देर शाम तक उपचार के बाद छुट्टी दी जा सकती है,जबकि एक अन्य घायल को भर्ती करके उसका उपचार किया जा रहा है। बताया गया है कि संभवतः उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया है। पुलिस घटना में जांच कार्यवाही कर रही है।

### कैदियों के स्वास्थ्य के लिए मैहर जेल में योग शिविर आयोजित



**मैहर।** जेलर रामजी त्रिपाठी एवं जेल स्टाफ की उपस्थिति में जेल में परिरुद्व बंदियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व मैहर जेल में योग समिति योगा ट्रेंनिंग मैहर के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल की गाइडलाइन पर योगाचार्य पवन जैन योग समिति मैहर प्रभारी,योगा ट्रेनिंग मैहर के प्रभारी अनिकेत पाल योगा व फिजिकल ट्रेनर के द्वारा मैहर जेल में योगाभ्यास कराया गया जिसमें प्रमुख रूप से ताड़ासन, वृक्षासन,अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन,कपालभाति,अनुलोम विलोम,शीतली,भ्रामरी प्राणायाम के साथ ध्यान योग मुद्राएं करवाई गई अनिकेत पाल ने कहा कि तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए योग अति आवश्यक है अतः मानसिक रूप से स्वस्थ व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए योग अभ्यास प्रतिदिन करें। योग शिविर मैहर जेल मे 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक कराया जाएगा।

### शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम 1 जुलाई से

**मैहर।** मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों को मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 01 जुलाई सोमवार से प्रारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शास्त्रीय संगीत महाविद्यालय,मैहर के सभागार में सायं 07 बजे से रात्रि 09 बजे तक सम्पन्न होगा। शास्त्रीय संगीत के इस कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन,वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुती दे सकेंगे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की समापन आज

**सतना।** राज्य शासन के जल संरक्षण और संवर्धन के लिये चलाये जा रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का समापन 16 जून को होगा। इस अवसर पर जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी कड़ी में नगर पालिक निगम सतना अंतर्गत 16 जून को प्रातः 7 बजे ट्रांसपोर्ट नगर स्थित तालाब की सफाई एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### मैहर जिले के अभियान का समापन कर्रा में प्रातः 11:30 बजे से

**सतना।** मैहर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन रविवार 16 जून को प्रातः 11:30 बजे से रामनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कर्रा में आयोजित किया गया है। यहां भी जनप्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि,अधिकारियों,कर्मचारियों की उपस्थिति में आम ग्रामीणजन,स्वयंसेवी संगठन की सहभागिता से विविध कार्यक्रम किये जायेंगे।

## रेलवे स्टेशन में युवती से गैंगरेप के मामले में

# दो फरार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चार आरोपियों ने घटना को दिया था अंजाम, कोर्ट ने सभी को भेजा जेल**

जैतवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठरा ग्राम में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में जीआरपी ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**सतना।**



जीआरपी द्वारा गिरफ्तार किये जाने आरोपियों रमागोविन्द कुशवाहा पुत्र रामविश्वास कुशवाहा 26 वर्ष निवासी ग्राम जैतवारा पोस्ट आमा थाना सिंहपुर एवं दीपक रजक पुत्र इन्द्र लाल रजक 25 वर्ष निवासी शुक्ला बरदाडीह भरजुना रोड वार्ड क्र.-10 थाना कोलगवां को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपियों को जीआरपी न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय ने सभी को जेल भेज दिया। जीआरपी ने आरोपियों के पास से दो मोटर साइकिलें क्रमशः रमागोविन्द से हीरो एचएफ डीलस कंपनी की चेचिंस क्रमांक एनबीएलएचएडब्ल्यू 022452 एवं दीपक रजक के कब्जे से एसपी साइन बलैक-रेड कलर की नं. एमपी 19 जेडजी 7409,चेचिंस नं. एमएफ 4 जेडसी 942 डीआरजी 357220 को जब्त कर लिया है। जीआरपी द्वारा सीधी जिले की रहने वाली नाबालिग आदिवासी बालिका के साथ घटित सामूहिक दुष्कृत्य की घटना में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है। ज्ञातव्य है कि आरोपी नाबालिग पीड़िता को रेलवे स्टेशन सतना से जबरन मोटर साइकिल पर बैठाकर साथ ले गये थे। आरोपी रमागोविन्द व दीपक ने शहर में पीड़िता को घुमाने के पश्चात घटना को अंजाम दिया था। जीआरपी द्वारा शहर के पेट्रोल पंपों एवं विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों तथा शराब की दुकान में लगे कैमरों को चेक किया गया,जिसमें पीड़िता दो युवकों के साथ मोटरसाइकिल में बैठी दिखाई दी। जीआरपी ने गत दिवस आरोपियों को चिन्हित करने के पश्चात संभावित स्थानों पर दबिश देकर इनको धरदबोचा। बताया जाता है कि आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर सुश्री सिमाला प्रसाद के मार्गदर्शन में डीएसपी रेल कटनी सुश्री सारिका पाण्डेय के नेतृत्व में निरीक्षक अरुणा बाहने चौकी प्रभारी जीआरपी सतना उप निरीक्षक राजेशराज,उप निरीक्षक एलपी कश्यप,सहायक उप निरीक्षक आरएस शुक्ला,प्रधान आरक्षक अशोक तिवारी,दयाचन्द्र तिवारी,आरक्षक प्रशांत यादव,अंकित यादव,अरुण,कमलेश,धर्मेन्द्र गुप्ता,महिला आरक्षक सुमन साइबर सेल जबलपुर,प्रधान आरक्षक सागर उपाध्याय,रवि माझी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भीषण गर्मी का कहर जारी, पारा से लोग परेशान



**सतना।**

भीषण गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है। 24 घंटे गर्म हवाएं चल रही हैं। पेड़ पौधे सूख रहे हैं। पशु पक्षी भी परेशान हैं। बीमारियां बढ़ रही हैं। लोग बादलों की तरफ निहारे रहे हैं। लेकिन बढ़ता पारा लोगों को परेशान कर रहा है। दिन में सड़कें इस तरह से सूनी होती है जैसे आग बरसाने के कारण लोग डर रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए गन्ने के जूस वह अन्य फलों का रस लोग सेवन कर रहे हैं। हालत यह है कि जिले में लू और भीषण गर्मी से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार अगर बुधवार से मौसम के तापमान को देखें तो बुधवार को अधिकतम तापमान 44.01 डिग्री,गुरुवार को अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री और शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44.01 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। शुक्रवार को दोपहर में तो पारा 42 डिग्री के पार चला गया। बीते दो दिनों से पारा लोगों को ज्यादा परेशान कर रहा है। दिन के समय तो ऐसे लगता है कि आसमान से आग बरस रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार,40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर का तापमान शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। त्वचा में जलन और निर्जलीकरण का कारण बन सकता है।

## इनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सतना।**



कोलगवां थाना पुलिस ने मारपीट,लूट,चोरी एवं हत्या के प्रयास के फरार आरोपी नीरज वंशकार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये का नगद इनाम घोषित किया गया था। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायण तालाब बसोर बस्ती निवासी नीरज वंशकार पुत्र शिवपाल वंशकार 23 वर्ष के खिलाफ कोलगवां थाना में अपराध क्र.1397/23,1442 / 23,1413/23 पर विभिन्न धाराओं 323,307,394,397 हत्या का प्रयास,मारपीट,लूटपाट,चोरी,जान से मारने की धमकी देने जैसे मामलों में प्रकरण कायम था।कोलगवां थाना पुलिस द्वारा आरोपी नीरज वंशकार को पकडऩे के लिये कई बार अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गयी,किन्तु आरोपी पुलिस के आंखों में धूल झोंक कर फरार हो जाता था।कोलगवां थाना पुलिस को आरोपी नीरज वंशकार की मोहल्ले के आस पास मौजूदगी की सूचना मुखबिर से मिलने पर टीआई सुदीप सोनी ने एसआई एपी तिवारी एवं स्टाफ के साथ घेराबंदी कर 10 हजार के इनामी बदमाश नीरज को धरदबोचा। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपी से विभिन्न मामलों में पूछताछ की जा रही है। नीरज वंशकार को पुलिस न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। बताया जाता है कि उक्त आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा अलग-अलग मामलों में दो स्थायी वारंट जारी किये गये थे। वारंट तामीली के लिये पुलिस के पहुंचने के पहले ही शातिर बदमाश चंपत हो जाता था। सूत्रों की माने तो कोलगवां पुलिस इस इनामी अपराधी को न्यायालय में पेश करने के बाद पूछताछ के लिये रिमाण्ड पर ले सकती है।

## एकेएस विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में करियर काउंसलिंग सेमिनार



**सतना।**

एकेएस विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में बृहद करियर काउंसलिंग का आयोजन हुआ। करियर काउंसलिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई जिसमें सीए की तैयारी,उनके पेपर और सिलेबस पर विस्तार से चर्चा हुई। इसका उद्देश्य छात्रों को विषय से संबंधित संपूर्ण जानकारियां देनी थी।आयोजित कार्यक्रम में सीए पाठ्यक्रम का मार्गदर्शन प्रदान करना था। सेमिनार में उपस्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने बताया कि चार्टर्ड एकाउंटेंसी एक कैरियर के रूप में लेखांकन सिद्धांतों, अंकेक्षण एवं वित्तीय प्रबंधन में विशेषज्ञता प्रदान करता है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिनको मारगदर्शन देने के लिए सतना शहर के प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट,सीए हिमांशु अग्रवाल, सीए अभिषेक श्रीवास्तव, सीए निखिल सावड़ा, सीए अभिषेक गुप्ता, सीए शिवानी अग्रवाल, सीए करण चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रो वाईस चांसलर डॉ. हर्षवर्धन ने उपस्थित छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. धीरेन्द्र ओझा, कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ.भरत कुमार सोनी, विपुल शर्मा, श्रीकृष्णा झा के साथ स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

## मुकुंदपुर टाइगर सफारी का होगा विस्तार

**उप मुख्यमंत्री ने मास्टर प्लान को शासन स्तर से स्वीकृत कराने के दिये निर्देश**

**सतना।**



महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी एवं रेसक्यू सेंटर का विस्तार किया जायेगा। टाइगर सफारी के द्वितीय चरण के विस्तार में नई सफारी स्थापित की जायेगी,जिसमें येलो टाइगर, लायन एवं जेब्रा प्रजाति के जानवरों की सफारी होगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वन विभाग के अधिकारियों को टाइगर सफारी के विस्तारीकरण के लिये आगामी 20 वर्ष की प्लानिंग कर मास्टर प्लान तैयार करने और शासन स्तर से स्वीकृत कराने, प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। जयंती कुंज रीवा के रेस्ट हाउस में वन विभाग के अधिकारियों की बैठक में उप मुख्यमंत्री ने मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी के द्वितीय चरण के विस्तार कार्य की जानकारी ली तथा बनाये जाने वाले सफारी व जू के के प्रस्तावित कार्ययोजना का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी को बनारस से खजुराहों पर्यटन मार्ग में शामिल कराने के निर्देश दिये,ताकि इस मार्ग के पर्यटक सफारी का भी भ्रमण करें। श्री शुक्ल ने व्हाइट टाइगर सफारी के संचालन एवं बाड़ों के निर्माण के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक राजेश राय,डीएफओ सतना विपिन पटेल,डीएफओ रीवा अनुपम शर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने सतना जिले के बगदरा घाटी में डीएमएफ मद से बनायी जा रही गौशाला में पानी सहित चारा भूसा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिये।

## मैहर में प्रत्येक माह की पहली तारीख को होगा शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम

**प्रशासन की पहल से नवोदित कलाकारों को मिलेगा मंच**

**सतना।** मां शारदा की पावन नगरीय एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खां साहब की साधना स्थली मैहर में प्रत्येक माह की पहली तारीख को संध्या में शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।जिला प्रशासन मैहर की अभिनव पहल से पावन स्थल मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों को मंच मिलेगा और शास्त्रीय संगीत के मर्मज्ञ श्रोताओं को सुखद अनुभूति होगी। यह कार्यक्रम शास्त्रीय संगीत महाविद्यालय मैहर के सभागार में प्रत्येक माह की निश्चित तिथि को सायं 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन-वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुतियों दे सकेंगे। जिला प्रशासन मैहर के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी(एमएए) के तत्वाधान में पहले कार्यक्रम की शुरुआत 1 जुलाई 2024 सोमवार को सायं 7 बजे की जायेगी। प्राचार्य शासकीय शास्त्रीय संगीत महाविद्यालय मैहर एचआर अहिरवार ने बताया कि इन कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति देने के इच्छुक शास्त्रीय संगीत,नृत्य के कलाकार अपने आवेदन बायोडाटा के साथ 20 जून 2024 तक संगीत महा विद्यालय मैहर में प्रभारी अनिल कुमार जायसवाल सहायक व्याख्याता (मो.नं.7987274350) के पास जमा कर सकते हैं। संगीत के मैहर घराने को जीवंत बनाये रखने एवं विद्या की देवी मां शारदा की नगरी को संगीतमय बनाने इस शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक माह की एक तारीख को शाम 7 बजे से किया जायेगा। शास्त्रीय संगीत के नियमित मासिक कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर 1 जुलाई को सायं 7 बजे संगीत महाविद्यालय मैहर के सभागार में सभी नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

**सतना।** प्रभारी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखड़े ने सोमवार 17 जून 2024 को ईद-उल-जुहा त्यौहार के अवसर पर सतना शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों के लिये तीन कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत संपूर्ण मस्जिद क्षेत्र के लिये प्रभारी तहसीलदार सौरभ मिश्रा,थाना कोलगवां अंतर्गत संपूर्ण मस्जिद क्षेत्र के लिये प्रभारी नायब तहसीलदार राजेश सिंह तथा थाना सिविल अंतर्गत संपूर्ण मस्जिद क्षेत्र के लिये अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्नालाल तिवारी की तैनाती कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में की गई है। ड्यूटी में तैनात कार्यपालिक मजिस्ट्रेट संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे।

## 60 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सतना।**



नागौद पुलिस ने 60 लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी शनिवार को पुलिस ने एक जारी प्रेस नोट में दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति काली शर्ट व काला पैन्ट पहने उचेहरा मोड़ नागौद मैहर रोड पर बने विश्राम घर के पीछे अवैध शराब रखे कही ले जाने की तैयारी में खड़ा है। मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु हमराह कर्मचारी एवं साक्षी के मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचा तो एक व्यक्ति जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिसे घेराबंदी कर पकडा गया जो कि प्लास्टिक की बोरी में एक काले रंग की ट्यूब ब्लादर रखे मिला जिससे नाम पता पूछा तो अपना नाम अभिनेश उर्फ पंकज पटेल पिता यज्ञसेन उर्फ धाकड़ पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम ढनगन मैरहा टोला स्कूल के पास थाना लौर देवतालाब जिला मउगंज म.प्र. का होना बताया जिससे प्लास्टिक की बोरी में रखे ट्यूब ब्लादर के रखे जाने के संबंध में पूछा गया तो अभिनेश उर्फ पंकज पटेल ने महुआ हाथ भट्टी की बनी देशी शराब भरी होना बताया जिसे साक्षियों के समक्ष खोलकर देखा गया जिसमें करीबन 60 लीटर शराब कुल कीमती 12000 रुपये का होना पाया गया है। आरोपी अभिनेश उर्फ पंकज पटेल से उपरोक्त शराब रखने व बेचने के संबंध में वैध कागजात चाहा गया जो कोई दस्तावेज का नहीं होना बताया।आरोपी उपरोक्त का उक्त कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अधीन दण्डनीय अपराध होना पाये जाने से थाना नागौद में अपराध क्रमांक 419/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया।

# जल बचाओ, जीवन बचाओ: बहनजी

## यही समय है जल और जीवन बचाने का, प्रकृति का ऋण हम पर है

**सबसे श्रेष्ठ पुनीत कर्म, प्रकृति का संरक्षण**

**सफाई करके किया श्रमदान**

ब्रह्माकुमारी विद्यालय के भाई बहनों के द्वारा धरम सागर तालाब की सफाई करके श्रमदान किया गया। बहन जी ने सभी को समझाते हुए कहा कि, जल है तो हमारा भविष्य है। जल प्रकृति द्वारा मनुष्य को दी गई।

पन्ना।






महत्वपूर्ण संपत्तियों में से एक है। बिना जल के जीवन की कल्पना संभव नहीं है। जल की कमी धीरे-धीरे बढ़कर एक गंभीर समस्या का रूप लेती जा रही है। प्रदूषित पानी के उपयोग से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है। वर्तमान समय में भारत तथा विश्व भर में गहराए जल संकट के प्रति जन जागरूकता लाने की अत्यधिक आवश्यकता है। ऐसे समय पर ब्रह्माकुमारी संस्था ने ष्जल जन अभियानष के माध्यम से अनेक लोगों को जागरूक करने एवं अपनी नैतिक जिम्मेदारी का एहसास कराने का संकल्प लिया। आगे आपने कहा कि प्रकृति का ऋण हम सभी के ऊपर है। प्रकृति हमें कितना देती है। अतः प्रकृति को सुरक्षित रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। अतः सभी से अनुरोध है कि अगर हम सफाई न भी कर सके तो हम गंदगी एवं प्रकृति को दूषित होने से बचाने में आवश्य सहयोग करें। यह बहुत बड़ा पुनीत कर्म होगा। सभी ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रतिज्ञा ली।

# रक्तदान शिविर से दिया मानव सेवा का संदेश




**मानव एकता दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर में पुरुष और महिलाओं ने किया 16 यूनिट रक्तदान**

पन्ना।

संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में मानव एकता दिवस के उपलक्ष में 14 जून दिन शुक्रवार को जिला चिकित्सालय पन्ना में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह की याद में संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत सुबह संयोजक महात्मा (नागोद) अनूप सुंदरानी के द्वारा की गई। महात्मा अनूप सुंदरानी एवं पन्ना ब्रांच की मुख्य बहन कविता लालवानी ने बताया कि निरंकारी मिशन विश्व की एक बड़ी संस्था के रूप में रक्तदान शिविर के साथ मानव सेवा का काम भी कर रही है जिसमें सभी नगरों में जागरूकता संदेश देते हुए रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर पन्ना भी उपस्थित रहे एवं अपने प्रेरक वचनों से संस्था की सराहना की। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उपाध्याय, सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता एवं ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. नीलम पटेल, ओमरे एवं पूरे स्टाफ ने बहुत ही सहयोग दिया। विश्व हिन्दु परिषद जिला इकाई पन्ना की संयोजिका श्रीमती कल्पना चौहान, श्रीमती रश्मि त्रिपाठी, वर्षा सहित अन्य बहनों का भी भरपूर सहयोग रहा और सभी ने संस्था द्वारा किय जा रहे कार्यों की सराहना की। जिला अस्पताल के द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दु परिषद् जिला इकाई पन्ना की संयोजिका तथा समाजसेविका श्रीमती कल्पना चौहान तथा श्रीमती रश्मि त्रिपाठी के लिए अतिथि रूप में सम्मान किया।





# जल गंगा संवर्धन अभियान

पन्ना।

ग्राम पंचायत जनवार जनपद पंचायत पन्ना की आबादी लगभग 3200 है। यहां पर यहा के लोग पानी के लिये तालाब पर निर्भर रहते है। यह तालाब पूरे गॉव को पानी उपलब्ध कराता है तथा लगभग 50 से 100 किसानो की खेती इसी तालाब पर निर्भर रहती है। काफी समय से ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत तालाब में जीर्णोधार / गहरीकरण कराये जाने हेतु मांग कर रहे थे। शासन द्वारा इस वर्ष में शासन द्वारा जल गंगा अभियान के अंतर्गत इस तालाब को स्वीकृत किया गया तथा माननीय विधायक पन्ना श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह के कर कमलो द्वारा कार्य को प्रारंभ कराया गया, तालाब को मनरेगा योजना की राशि से स्वीकृत किया गया। जिसकी स्वीकृत लागत 9.94 लाख रूपये की गई है। उपरोक्त कार्य हो जाने से समस्त ग्रामवासियों को वर्षभर पानी की उपलब्धता रहेगी तथा किसानों को खेती के लिये पानी मिलता रहेगा। मनरेगा योजना से कार्य को स्वीकृत कराये जाने से ग्राम के जॉबकार्डधारियों को गाँव में ही काम मिला है।

# केन्द्रीय सड़क निधि योजना से निर्माणाधीन सकरिया-ककरहटी-गुनौर-ढिगौरा मार्ग

**पन्ना।** विकास का पैमाना सड़क से आधार के रूप में जाना जाता है। जहां गुनौर विधानसभा में यह मार्ग जो सकरिया से ककरहटी गुनौर -ढिगौरा तक केन्द्रीय सड़क निधि से निर्माणाधीन है। जो कहीं न कहीं गुनौर विधानसभा के लिए विकास में मायने रखता है। जहां लोक निर्माण विभाग व संबंधित कार्य एजेन्सी दोनों के द्वारा इस सड़क के निर्माण में कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर लम्बे अर्से से जनचर्चा के हालात तो आम आदमी भी गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े कर रहे थे। वहीं गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने इस मार्ग में घटिया मटेरियल का स्तेमाल तथा गुणवत्ता को लेकर तत्कालीन कलेक्टर को पत्र भी लिखकर इसकी गुणवत्ता को लेकर सुधार की दिशा की मांग की थी। वहीं आज जो आरोप लगाये गये थे वह कही न कहीं साबित हो गये जब इस मार्ग की जांच को लेकर चीफ इंजीनियर ने पड़ताल की तो कहीं न कहीं 40 करोड़ की लागत वाली सड़क जिम्मेदारों के द्वारा किस तरह से मॉनीटरिंग की जा रही है क्या कार्य एजेन्सी से मिली भगत मानी जाये तो यह अतिश्योक्ति नहीं। सड़क निर्माण में गड़बड़ी को लेकर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता तथा मुख्य अभियंता तक इस सड़क को लेकर ध्यान देने हेतु शिकायतें या मीडिया ने भी इसे समय रहते सुधार को लेकर आवाज बुलंद की थी। अमानक गुणवत्ता विहीन सामग्री के उपयोग को लेकर सुर्खियां बनी थी। पर वहीं आज जिस तरह से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग आर.के. मेहरा ने चीफ इंजीनियर सागर से 13 जून को जांच में आर.एल. वर्मा ने की जिसमें सकरिया से गुनौर के बीच कई स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य को परखा गया। निरीक्षण की जानकारी मिलने पर कुलदीप सिंह ढिगौरा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी भी मौके पर पहुंचे। वहीं सड़क की धसी हुई पुलियों के वीडियो दिखाये गये रात्रि के अंधेरे में सीआरएम लेयर में मिक्स मटेरियल के स्थान पर लाईम स्टोन खदान की अनुपयोगी सामग्री डालकर रोलर चलाने की जानकारी दी गई। सड़क निर्माण में अर्थवर्क में भी गड़बड़ी को लेकर स्टीमेंट के तहत मापदण्ड अनुसार कार्य नहीं किया गया जबकि यह मार्ग गुनौर विधानसभा के विकास को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है तभी तो गुनौर विधायक ने स्वयं ही इस मार्ग को लेकर चिंता जाहिर की थी।



# नशामुक्ति साईबर, क्राईम यातायात, नियमों का पालन करने जागरूकता संबंधी दिया संदेश

पन्ना।






अजयगढ़ नगर परिषद कार्यालय में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। जहां वर्तमान में हमारी समाज को कैसे अपने जीवन की राह तय करनी चाहिए वहीं समाज में बुराईयों से कैसे बचाव को ध्यान में रखकर जिंदगी की राह तय करने को लेकर समय के हालात है जागरूकता संबंधी कार्यकम स्वयं थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में जहां उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि वर्तमान समय में साईवर क्राईम से कैसे बचाव करें वहीं जिंदगी अनमोल है जिंदगी का सफर हो या फिर यात्रा का सफर प्रतिदिन वाहन चलाने में भी सजगकता से यातायात नियमों का ख्याल रखें स्वयं बचे व दूसरो को बचायें। इतना ही नहीं सबसे बड़ी बात तो आजकल जो जरूरत बन चुकी है हर परिवार को आगे बढ़ने के लिए नशे से दूर रहना जरूरी है। नशा स्वयं व्यक्ति का बिनाश तो करता ही है परिवार व समाज में भी कहीं न कहीं बुराईयों को अंजाम देता है नशा से शारीरिक क्षति तथा समाज में स्थान नहीं मिलता। वहीं नशा ही कई बार अपराध को जन्म देता है। या फिर जान भी गवानी पड़ती है। पुलिस हमारी मित्र है समाजिक पुलिसिंग के तहत आज हमारी जिंदगी को सुरक्षित प्रगति के मार्ग पर चलने के लिए सुरक्षा किस तरह से जरूरी है यह जागरूकता नशामुक्ति कार्यक्रम के दौरान नपा परिषद अजयगढ़ में थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर के द्वारा बताई गई। निश्चित ही थाना प्रभारी अजयगढ़ आज जो अपनी सोच से ही समाज में कहीं न कहीं विश्वासनीयता तथा सूचना तंत्र दोनों पर विश्वास कायम कर चुके है। जिले में पुलिस विभाग में आपकी पहचान एक अलग थाना प्रभारी के रूप में देखी जाती है। समाज को प्रगति की राह तय करने के लिए आपके द्वारा स्वयं से भी प्रयास काफी हद तक किये जाते है। तभी तो समाज आपको सम्मान से स्वयं ही देखती है। जहां पुलिस विभाग में लोग बचते है या दूरी बनाकर रखते है पर वहीं आपकी कार्यप्रणाली समाज में प्रगति के लिए मददगार के रूप में जानी जाती है जिस तरह से आज आपने अजयगढ़ में अपने उद्बोधन में व्यक्ति परिवार व समाज को प्रगति पथ तय करने के लिए नशे से दूर रहना तथा वर्तमान समय में साईवर क्राईम से बचाव रखना वहीं जिंदगी में सुरक्षा को लेकर भी सजगकता सतत वाहन चलाते वक्त यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया। तभी तो पुलिस को हमारा मित्र माना जाता है जो समय के हालात को परखते हुए समाज को सुरक्षा के साथ प्रगति के लिए प्रेरित करें वह प्रेरणा समाज के लिए दिशा बनती है जो आज थाना प्रभारी अजयगढ़ यहां जागरूकता के माध्यम से नशे से दूर रहना तथा उसके साथ-साथ जो वर्तमान में प्रगति के लिए जरूरी है सभी पर फोकस किया।

# वर्षा जल से नगर के 80 प्रतिशत लोगों की प्यास आज भी बुझ रही है

पन्ना।

सत्ता में लगभग 15 वर्ष से सतत सत्तारूढ़ सरकार कायम हो पर वर्षारूपी जल पर ही प्यास बुझाने के लिए आज भी वहीं हालात कहने को फिल्टर पानी पर यहां दूषित तालाबों का पानी जिसमें पशु स्वयं ही अपना सहारा मानते है। वहीं पानी जल ही जीवन के रूप में पीने के लिए उपयोग किया जाता है। फिटकिरी से साफ करना या फिल्टर करना तालाब का पानी जहां भैंसे लोटती है सैकड़ों की संख्या में उसी में गोवर करती है वही पानी फिल्टर करके नगर की सप्लाई पेयजल के लिए होती है मजबूर लोगों को वह पानी भी अल्टरनेट। वहीं जल संवर्धन व जल संरचनाओं को लेकर दिखावा पांच वर्ष पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंच से लोगों को सुद्धपेयजल प्रतिदिन देने के लिए घोषणा की थी वह आज घोषणा ही बनी हुई है।

किस तरह से सत्ता में आसीन होने के लिए सरकारें अपना लक्ष्य लेकर सत्ता में आज जाती है इसके बाद जो जिंदगी में मूलभूत सुविधायें है उन पर भी गंभीरता से अपना ही दिया हुआ भरोसा भूल जाते है। पन्ना नगर में स्टेट समय से वर्षा रूपी जल से ही 80 प्रतिशत आवादी की प्यास की व्यवस्था स्टेट के समय के बने तालाबों से बनी हुई है। पेयजल व्यवस्था किस तरह से आज भी निर्भर है यह देखने में जब नजर डाली जाती है तो हालात रोंगटे खड़े होने वाले बनते है। उदाहरण के लिए निर्पत सागर तालाब जहां से पानी की सप्लाई भले ही फिल्टर व फिटकरी से दोनों से शुद्ध करने का दावा किया जाता है पर इस तालाब में जो पानी वर्तमान समय में बचता है उसमें भैंसे गर्मियों के समय अपना जीवन सुरक्षित करने को लेकर तालाब के जल में ही बनी रहती है। उसी में गोबर करती है वही जल सुद्ध करके पेयजल के लिए उपयोग में लाया जाता है। आज तक उस तालाब को सुरक्षित नहीं किया गया ताकि पेयजल में यह असुबिधा स्वच्छ जल के रूप में कहीं न कहीं बाधा बनी हुई है इसको दूर किया जाये। उस पर गौर नहीं किया जाता और न ही कोई बदलाव हुआ। कहने को हर घर में जल नल से पहुंचाया जाता है पर यह पेयजल की सुद्धता जहां तालाब से ही कहीं न कहीं मन को भेदती है। आखिर नगर की जनता सुद्ध पेयजल को लेकर नपा पर भरोसा मानती है। नपा भी फिल्टर व फिटकरी दोनों पर शुद्धता का पैमाना तय करती है। वहीं ये भैंसे नगर के लोगों की ही होती है जो इस तालाब का पानी पीते है। आखिर यहां जनता हो या प्रशासन दोनों को क्या इस व्यवस्था में सुधार लाजमी नहीं लगता। मामला चाहे जो भी हो पर यही पानी सही जनता के लिए वह भी अल्टरनेट आज तक हालात पानी की समस्या को सुधार को लेकर किस तरह से प्रगति हुई पांच वर्ष बीतने के बाद ही वही हालात अल्टरनेट पानी जबकि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पोलिटेक्निक कॉलेज पन्ना में मंच से जनता को प्रतिदिन शुद्ध पेजयल व्यवस्था के लिए वादा किया था जो वादा ही रह गया। यहां के जनप्रतिनिधि के रूप में पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से खोरा तालाब व धरमसागर तालाब में कैनाल के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कार्य को अंजाम दिया पर यह प्रगति रत ही मानी जा रही है। हालात जस के तस पानी की समस्या मजबूर लोग जहां वही पानी अल्टरनेट पीने को जाने जाते है आखिर कब हम शुद्ध पेयजल की व्यवस्था से सुदृढ़ होगें। अभी भी सपना ही बना हुआ है।



## खबर संक्षेप

### नवीन तकनीकी की ओर बढ़ रही स्व सहायता समूह की बहने



**पवई।** आजीविका मिशन पवई अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाये प्राकृतिक खेती के गुर सीख रही है। विकासखंड अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन जैविक कीटनाशक बनाना सिखाया गया। जिससे खेती मे रासायनिक कीटनाशकों से मुक्ति मिल सके। साथ ही महिला सशक्तिकरण का उदाहरण पेस करते हुए ड्रोन दीदी कृष्णावती गौतम द्वारा ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक और उर्वरक छिड़काव के लिये ड्रोन उड़ाकर प्रदर्शन किया गया। विकासखंड पवई अंतर्गत किसानो को नवीन तकनीकि से कीटनाशक और उर्वरक छिड्काव करने के लिये ड्रोन उपलब्ध है। ड्रोन का लाभ लेने के लिये ड्रोन दीदी कृष्णावती गौतम ग्राम उमरहट और आजीविका मिशन के ब्लॉक

### डिजिटल लिटरेसी का आयोजित हुआ प्रशिक्षण



**पन्ना।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा निर्धारित महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा निर्देशित एवं छत्रसाल शासकीय स्नातकोतार महविद्याल पन्ना के प्राचार्य डॉक्टर एसपीएस परमार के संरक्षण में तथा महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर पी पी मिश्रा के मार्गदर्शन में माय भारत पोर्टल और डिजिटल लिटरेसी का प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में डल ठींतंज पोर्टल एवं डिजिटल लिटरेसी के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर गुलब धर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में युवा का पंजीयन, इवेंट क्रिएट करना, एक्सपीरियंस लर्निंग अपॉर्चुनिटी में पंजीकृत करना इत्यादि की जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों एवं युवाओं को दी गई। इस प्रशिक्षण में पन्ना जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित हुए। इस प्रशिक्षण में. छात्रसल शासकीय महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कविता पर्वन्दा एवं छात्र देवेश मिश्रा, बबलू यादव, मुकेश कोरी, रीता कुशवाहा, सुमन साहू उपस्थित रहे।

### विधिवत सीमांकन कराने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

**अमानगंज।** ग्राम रजपुरा ग्राम पंचायत बरौंहा में हाल ही में राजस्व विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सीमांकन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रजपुरा में सीमांकन किया गया जिसमें बगैर ग्रामवासियों/ भूमिस्वामी कृषकों को सूचना दिये सीमांकन किया गया एवं लगभग 20 पट्टा धारक आदिवासियों की पट्टे की जमीन वन विभाग को देने की फिराक में है। शासन की केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत कलेक्टर पन्ना द्वारा परियोजना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली शासकीय भूमि दी गई है। किन्तु जो खसरा नम्बर गरीब आदिवासियों के है, जिस पर वह कृषि कार्य कर अपना व परिवार का भरण पोषण कर रहे है, उक्त नम्बरों को राजस्व विभाग द्वारा गलत सीमांकन कर वन विभाग की बता रहे है। उक्त संबंध में समस्त आदिवासी पट्टा धारकों ने दिनांक 14.06.2024 को सामूहिक रूप से कलेक्टर पन्ना को पुनः विधिवत सीमांकन दल गठित कर वरिष्ठ अधिकारियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में करवाने हेतु आवेदन दिया है। गरीब पट्टा धारक आदिवासियों से इस संबंध में चर्चा करने पर उनका कहना है कि हम लोगो के स्वामित्व व पट्टे की भूमि यदि वन विभाग को दी जाती है तो हम अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करेगें, उक्त जमीन के अतिरिक्त हमारे पास जीविकोपार्जन का अन्य कोई साधन नही है। सभी गरीब आदिवासी बहुत परेशान है, एवं समाचार पत्र के माध्यम से उन्होने शासन प्रषासन/जिला कलेक्टर पन्ना से इस ओर अतिषीघ्र उचित कार्यवाही करने की अपील की है।

**खबर संक्षेप**

## महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

**छतरपुर।** महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पिछले एक दशक से जिले में काम कर रही फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड कंपनी द्वारा शनिवार को जिला मुख्यालय पर एक निजी होटल में वित्तीय जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, शाखा प्रबंधक रोहित सिंह, अब्बू लाल साहू मौजूद रहे। फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड कंपनी के रीजनल मैनेजर विभांशु शर्मा ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से संस्था छतरपुर जिले में कार्यरत है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य महिला स्व-सहायता समूहों को ऋण देकर महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यशाला में महिलाओं को ऑनलाइन संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई ताकि आधुनिकता के दौर में ग्रामीण अंचल की महिलाओं को किसी प्रकार की हानि न हो। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देकर महिलाओं को जागरुक किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि पूरे देश में कंपनी की 1400 शाखाएं हैं जिनके द्वारा मातृशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। कंपनी के सहयोग से छतरपुर जिले की 4200 महिलाओं सहित देश की हजारों महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनी हैं और यह प्रयास आज भी निरंतर जारी हैं।

## अज्ञात वाहन ने सफाई कर्मी दंपत्ति को मारी टक्कर



**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत महोबा रोड पर शनिवार की सुबह साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे सफाईकर्मी दपंत्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिस कारण से दोनों घायल हो गए थे। घायल पति-पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पत्नी की हालत गंभीर होने के कारण उसे झांसी ग्वालियर रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई, जबकि उसके पति का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

**अभिभावकों और टीम विंध्याचल के कारण बालिका सशक्तिकरण अभियान को मिली सफलता : एनएस राव**

# एनटीपीसी विंध्याचल में बालिकाओं के टैलेंट शो के प्रदर्शन के साथ बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 का किया गया समापन

*एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के उमंग भवन में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान, 2024 का हुआ भव्य कार्यक्रम*





**सिंगरौली।** विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा ने अपने स्वागत उद्बोधन के दौरान "बालिका सशक्तीकरण अभियान 2024" का संक्षिप्त परिचय देते हुए सभागार में उपस्थित अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया एवं बताया कि एनटीपीसी सीएसआर के अंतर्गत एनटीपीसी-विंध्याचल में बालिका सशक्तिकरण अभियान 19 मई से 14 जून 2024 तक सिंगरौली जिले की 18 सरकारी विद्यालयों की 120 बालिकाओं हेतु आयोजित किया गया, जिसमें एक माह तक चलने वाले इस आवासीय कार्यक्रम में छात्राओं के लिए, प्रारंभिक शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, योग एवं क्रीडा से संबन्धित विभिन्न कार्यशालाएँ आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के दौरान हमने विशेष व्यवस्थाएँ की है, जिनमे बच्चों को सुरक्षित अपने-अपने गांवो से लाना तथा उनका एक माह तक उनका विधिवत ख्याल रखना उनकी सभी आवश्यकताओं जैसे- Healthy & Hygienic Food, Dress, स्टेशनरी, गुड टच-बैड टच, साफ-सफाई, कपड़ो की धुलाई के साथ-साथ उनकी सुरक्षा का ध्यान रखना है। उन्होंने बताया कि बच्चियाँ अपने जीवन के हर लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होंगी। कार्यक्रम में प्रशिक्षित बच्चियाँ एक माह में जो सीख पाई है, उसे अपने आस-पास के वातावरण में तथा अपने दोस्तों से साझा करेंगी। इन बच्चियों के माध्यम से हम अपने आस-पास के ग्रामीणजनो के जीवन के हर पहलूओं से जुड सकेंगे। विश्वास है कि एनटीपीसी विंध्याचल का यह प्रयास सार्थक होगा तथा बच्चियों के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर), एन एस राव, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल), ई सत्य फणि कुमार, परियोजना प्रमुख (शक्तिनगर), राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदिरत्ता, विंध्याचल, रिहंद एवं शक्तिनगर के सभी महाप्रबंधकगण, अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सरोजा फणि कुमार, वर्तिका महिला मंडलअध्यक्षा श्रीमती अनीता मेदिरत्ता, अध्यक्षा लेडीज क्लब, शक्तिनगर श्रीमती पियूषा अकोटकर तथा सुहासिनी संघ पदाधिकारीगण व सभी सदस्याएं एवं अन्य पधारे सभी विशिष्ट अतिथियों के साथ मिलकर दीप-प्रज्ज्वलन कर एनटीपीसी गीत के साथ इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर), एन एस राव नें अपने उद्बोधन में बच्चियों की प्रतिभा और हुनर की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन एवं सही दिशा दिखाने की। इस अभियान को सफल बनाने में बच्चियों के साथ-साथ उनके अभिभावक एवं परिजनों का सकारात्मक सहयोग भी अभियान की सफलता का कारण है। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एन एस राव नें आयोजन की सफलता के लिए परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार के साथ-साथ सीएसआर टीम को भी बधाई दी। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें अपने उद्बोधन में कहा कि विंध्याचल नैगम सामाजिक दायित्व के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं कल्याण के लिए समय-समय पर कई कार्यक्रम कराता है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति अधिक-से-अधिक कार्य कर लोगों को शिक्षित करना एवं उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना विंध्याचल का प्रथम दायित्व है और इसी के तहत अधिकतर कार्य शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में करने का प्रयास किया जा रहा है। चार सप्ताह के इस अभियान के दौरान ग्रामीण बच्चियों में काफी परिवर्तन आया है जो हमारे लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण बच्चियों ने अपने हुनर को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दीं। इस दौरान बालिका सशक्तीकरण मिशन के दौरान चार सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियों को एक लघु-फिल्म के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान बच्चियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य के साथ-साथ डांस की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती कामना शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्री प्रणव वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ने आयोजन की सफलता एवं कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों के साथ-साथ प्रत्यक्ष या परोक्ष सभी लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इन्होंने अपने धन्यवाद ज्ञापन में विशेषतः सुहासिनी संघ विंध्यनगर के सहयोग का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगणों के साथ-साथ सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि तथा भारी संख्या में कर्मचारी एवं बच्चियों के अभिभावक व परिजन भी उपस्थित रहे।

## खेलकूद के साथ अन्य विधाओं में पारंगत हो रहे बच्चे



**छतरपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शहर के पुलिस लाइन परिसर में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन समर कैंप लगाया गया है जो कि 21 जून तक चलेगा। उक्त शिविर में खेलकूद के साथ अन्य विधाओं का प्रशिक्षण बच्चों को मिल रहा है। समर कैंप में रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा द्वारा सम्मिलित पुलिस परिवार के बच्चों, प्रतिभागियों के आवागमन हेतु उनके आवासीय परिसर से प्रशिक्षण स्थल पुलिस लाइन तक वाहनों की व्यवस्था, संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था में प्रतिभागियों के आहार हेतु पौष्टिक आहार जैसे अंकुरित चने, सोयाबीन, मूंग एवं विभिन्न प्रकार के आवश्यक पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गई है। समर कैंप में बच्चों को खेलकूद, शिक्षा, संगीत, सांस्कृतिक नृत्य, के साथ-साथ अन्य क्रियाकलापों जैसे मेहंदी, सिलाई, कढ़ाई वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों एवं विशेषज्ञों द्वारा करवाया जा रहा है। वहीं खेलकूद में राजकीय खेल मलखंभ, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तैराकी शूटिंग एवं लॉन टेनिस तथा अन्य क्रियाकलापों जैसे रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी सांस्कृतिक नृत्य, अन्य कलाकृतियां हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट, जूडो-कराटे का भी प्रशिक्षण जारी है। कैंप में पुलिस परिवार के दो सैकड़ा से अधिक बच्चे सहभागिता कर रहे हैं। बीती शाम पुलिस अधीक्षक ने समर कैंप में वृक्षारोपण कर इसका महत्व, उपयोगिता व संरक्षण के विषय में चर्चा की। उल्लेखनीय है कि शिविर का शुभारंभ 15 मई को पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने किया था और समापन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को होगा।

### विश्व रक्तदान दिवस पर आकांक्षा ने किया रक्तदान



**छतरपुर।** रक्त और रक्तदान का महत्व रक्तदानी ही बेहतर समझता है। जब जिंदगी बचाने की बात आती है तो रक्तवीर सेवा दल की रक्तवीरांगनाएं भी पीछे नहीं हटतीं। ऐसी ही विषम परिस्थिति अचानक प्रसूता रोहिणी यादव के साथ उत्पन्न हो गई। गर्भवती महिला को तत्काल दुर्लभ रक्त समूह का रक्त चढऩा था और ब्लड बैंक में यह दुर्लभ रक्त उपलब्ध नहीं था। यह बात जब सीएमएचओ डॉ.राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की जानकारी में आई तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन से संपर्क किया। अमित ने रात में ही रक्तवीरांगना आकांक्षा खरे को ब्लड बैंक भेजकर रक्तदान कराया। आकांक्षा के रक्तदान से प्रसूता रोहिणी यादव और उनके गर्भ में पल रही नन्हीं सी जान बच गई।

# ये है बिन्नू रानी, जो सोशल मीडिया पर धमाल मचा रहीं

छतरपुर।

छतरपुर शहर से सटे ग्राम पंचायत पहाड़ गांव की छोटी सी 12 वर्षीय बच्ची बिन्नू रानी काफी वायरल हो रही है। बिन्नू रानी छोटी सी उम्र में देश दुनिया में फेमस हो गई हैं। वह बुंदेली भाषा में ब्लॉग बनाती है, और अपने ब्लॉग को बुंदेली भाषा में प्रस्तुत कर सोशल मीडिया पर डालती है। बिन्नु बुंदेली भाषा में सोशल मीडिया में प्रसारित किए गए कंटेंट को पूरे देश में पसंद किया जा रहा हैं और इसके माध्यम से सम्पूर्ण बुंदेलखंड का नाम पूरे देश में रोशन कर रहीं हैं। बिन्नु रानी की प्रशंसा क्षेत्रीय विधायक बबलू शुक्ला, कवि कुमार विश्वास, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जैसी तमाम बड़ी हस्तियों ने की हैं।

आज के सोशल मीडिया के दौर में हर कोई कुछ न कुछ करके फेमस होना चाहता है। यही कारण है कि अब सोशल मीडिया में लोग अपनी देशी स्टाइल में कटेंट बनाना ज्यादा पंसद करते हैं, क्योंकि वही चीज उनकी अलग पहचान बनाती है। इन दिनों सोशल मीडिया पर खड़ी बोली बोलने और कंटेंट बनाने का दौर चल रहा है। इन्फ्लुएंसर्स अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में कंटेंट तैयार कर रहे हैं। इसी बीच मध्यप्रदेश के छतरपुर की रहने वाले 'बिन्नू रानी जी' भी



सोशल मीडिया पर जमकर धमाल मचा रही है। बीते 7 महीनों से बिन्नू रानी जी ने वीडियो बनाना शुरू किया। अबतक वह 200 के ऊपर वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर चुकी हैं। जिन पर मिलियन्स में व्यूज आ रहे हैं। उनके इंस्टाग्राम पर लगभग 1 लाख फॉलोअर्स हैं। वायरल गर्ल बिन्नू रानी एक्ट्रेस बनना चाहती हैं। वह पढ़ाई के साथ-साथ सोशल मीडिया पर रील्स, ब्लॉग बनाती हैं। वह स्कूल की पढ़ाई और होमवर्क से समय निकालकर ब्लाग और रील्स पर ध्यान देती हैं। सोशल मीडिया पर बिन्नू रानी जी की तारीफ कुमार विश्वास तक कर चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि 'तुमते कै रएँ । काऊ ते कइयो ना। बिन्नू रॉक्स'। इधर, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने भी सराहते हुए लिखा है कि 'बिन्नू रानीजी जल्दी भोपाल आहें हम उनको स्वागत करहें'।

### देश दुनिया में लोगों को बहुत भा रहा है बिन्नू रानी का बुंदेली अंदाज -

बिन्नू रानी सेल्फी मोड पर फोन के कैमरे से वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती है। इसमें बिन्नू की कोई स्किप्ट नहीं होती जो दिमाग में आता वह बोलने लगती हैं। वह खड़ी बुंदेलखंडी भाषा का प्रयोग करती हैं। इन दिनों बिन्नू रानी जी का गाइज मेरे गांव का बाजार वाला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बिजावर स्थित निज निवास पर बेटी बिन्नू रानी का सम्मान किया गया। विधायक बबलू शुक्ला ने कहा कि बेटी के परिवारजनों को भी विधायक होने के नाते आश्वस्त करता हूं की बेटी को भविष्य में जो भी मदद की आवश्यकता पड़ेगी, मैं उसकी मदद के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करूंगा।

## आत्महत्या के मामले की पुलिस करेगी गहन जांच

छतरपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्री मंदिर के पास रहने वाले 28 वर्षीय हरिओम पुत्र रामसेवक असाटी ने गुरूवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात कथित तौर पर करियर की चिंता के दबाव में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शुक्रवार को पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया था। मृतक के भाई दीपक असाटी ने बताया था कि पिछले कुछ दिनों से हरिओम अपने करियर को लेकर बेहद चिंतित था। हालांकि अब कुछ नए तथ्य सामने आए हैं, जिसके चलते यह मामला संदिग्ध हो गया है। दरअसल ऐसी जानकारी मिली है कि मृतक हरिओम ने कुछ लोगों से पैसे लिए थे, जिसे वह लौटा नहीं पा रहा था और संबंधित लोगों के द्वारा उसे परेशान किया जा रहा था। बहरहाल कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने मामले की गंभीरता से जांच करने की बात कही है।

# शादी का झांसा देकर दिल्ली से भगा कर लाए युवती को एक महीने साथ रख कर छोड़ा

*पुलिस ने किया दुष्कर्म का मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार*

**नौगांव।** शहर के कोठी चौराहे के पास रहने वाले शिवम साहू नाम के युवक पर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है, पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायधीश ने उसे जेल भेजने की कार्रवाई की है। नौगांव थाना पुलिस ने दिल्ली की रहने वाली एक युवती ने शहर के कोठी चौराहे के पास रहने वाले पेशे से ड्राइवर प्रतिपाल साहू उर्फ पीपी के पुत्र शिवम साहू के खिलाफ शादी का झांसा देकर एक महीने रखने तक उसके साथ शारीरिक शोषण करने और उसके बाद शादी न कर छोड़ देने की शिकायत दर्ज कराई। युवती ने पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुआ बताया कि शिवम साहू पिता प्रतिपाल साहू उसे से 13 अप्रैल को प्रेम प्रसंग के चलते दिल्ली से साथ लाया था। इसके बाद शादी को बात कहकर एक महीने तक साथ रखा और प्रतिदिन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए,इसके बाद जब शादी को बात की तो मुकर गया और और 6 मई घर से को भगा दिया। जिसके बाद कई दिनों तक उसके पास जाकर शादी को बात की लेकिन वह मानने तो तैयार नहीं इसलिए आरोपी शिवम साहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पुलिस को शिकायती आवेदन सौंपा। पुलिस ने पीड़ित युवती को शिकायत पर आरोपी युवक शिवम साहू के खिलाफ धारा 376(2)(एन), 506 आईपीसी 3(1) (डब्ल्यू)(आई) 3(2) (वी) एसी एसटी के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी शिवम साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

# सबको बिजली मिले, सभी समय पर बिल भरें


**कार्यपालन अभियंता बिजावर ने सटई वितरण केंद्र में ली कर्मचारियों की बैठक**



छतरपुर

भीषण गर्मी में विद्युत सप्लाई का दबाव अधिक रहता है ऐसी स्थिति में विद्युत सप्लाई भी प्रभावित होती है। सबको आबाद गति से विद्युत मिले लेकिन सभी उपभोक्ता समय पर बिल भी जमा करें। कार्यपालन अभियंता बिजावर ने विद्युत वितरण केंद्र सटई पहुंचकर कर्मचारीयो की बैठक लेते हुए उक्त बातें कहीं तथा उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।कार्यपालन अभियंता बिजावर सर्वेश शुक्ला ने मीटर रीडर, लाइन कर्मचारी तथा आउटसोर्स कर्मचारी की बैठक लेते हुए निर्देश दिए की वह अपने-अपने क्षेत्र का लगातार भ्रमण करें। अपने क्षेत्र के ग्रामों में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं से संपर्क कर बिजली का उपभोग करने वाले लोगों से विद्युत बिल जमा कराएं। इस वर्ष की राजस्व वसूली पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए गए इसके अलावा तीन फेस उपभोक्ताओं की जांच करने व अनियमितता पाए जाने पर प्रकरण दर्ज करने तथा कनेक्शन काट कर राशि जमा करने के श्री शुक्ल ने निर्देश दिए। डीआरए एक्शन के अंतर्गत बड़े बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई कर पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश देते हुए सीएम हेल्पलाइन एवं 1912 पर दर्ज शिकायतों का निराकरण करने पर बल दिया। उन्होंने मोबाइल नंबर अपडेट करने की बात कही ताकि सबके मोबाइल नंबरों में विद्युत बिल पहुंच सके। विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ धारा 135 के तहत प्रकरण पंजीकृत करने के भी निर्देश दिए।

## पानी से भरे टब में गिरी अबोध बच्ची



**छतरपुर।** छोटे बच्चों का यदि ध्यान न रखा जाए तो कितना बड़ा हादसा हो सकता है, इसका उदाहरण छतरपुर जिले के ग्राम खडग़ांय में देखने को मिला है। दरअसलय यहां एक अबोध बच्ची पानी से भरे टब में गिर गई और किसी ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया जिस कारण से कुछ ही समय में उसकी मौत हो गई। मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम खडग़ांय निवासी मुकेश शर्मा ने बताया कि शनिवार की सुबह घर के सभी सदस्य काम में व्यस्त थे। उसकी 1 वर्षीय बेटी गायत्री आंगन में खेल रही थी। खेलते-खेलते वह पानी से भरे हुए टब के पास पहुंच गई और उसी में गिर गई। चूंकि आसपास घर का कोई भी सदस्य नहीं था जिस कारण से किसी का ध्यान उस ओर नहीं गया। जब गायत्री की आवाज आना बंद हुई तब घर के लोगों का उस ओर ध्यान गया जहां बच्ची टब में पड़ी हुई थी। परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## किसानों के आम रास्ते पर कब्जा कर किया बंद



**परेशान आधा सैकड़ा किसानों ने तहसीलदार से की शिकायत**

नौगांव

तहसील के हरपालपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरसेड़ के मड़ोरी गांव में खेतों में आने जाने का आम रास्ता मिट्टी खोद कर बंद करने से किसानों में रोष है। किसान राजू यादव,लक्ष्मण कुशवाहा, रमेश यादव, हल्काई यादव, पारीक्षत राजपूत, मानसिंह राजपूत, ब्रजेन्द्र अरजरिया, मूरत सिंह यादव,भज्जू साहू, वीरेंद्र यादव सहित अनेक किसानों ने तहसीलदार को शिकायती पत्र सौपकर रामसिंह द्वारा खेत में वन टेन मशीन लगाकर मिट्टी खोदकर मेढ़ डाल बनाकर जानबूझकर रास्ता रोकने का आरोप लगाया है।किसानों का कहना हैं कि रास्ते की मिट्टी अवैध रूप से खोदकर रेल्वे ठेकेदार को लाखों रुपये में बेच कर रास्ता बंद कर दिया है। जिसकी जांच होनी चाहिए। सरसेड़ पटवारी हल्का नम्बर 3 सभी किसान खेतीबाड़ी कर अपना भरण पोषण करते हैं।

खेतों में जाने के लिए रेल्वे क्रॉसिंग फाटक पार कर मडोरी रोड से दाएं तरफ से एक आम रास्ता सैकडों साल पुराना हैं जिसके माध्यम से हम सब किसान खेतों में पहुंचते हैं। विगत दिवस रामसिंह द्वारा खनन मशीन चलाकर रास्तों को बंद करके मेढ़ डाल कर रास्ते की सारी मिट्टी रेल्वे को बेच दी। किसानों ने शिकायती आवेदन तहसीलदार को सौपकर रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की है, कयोंकि जल्द खरीफ सीजन बुबाई के लिए किसानों को खेतों को तैयार करना हैं।

### रेलवे को बेची लाखों रुपए की मिट्टी

किसान राकेश नायक ने बताया कि राम सिंह द्वारा बिना परमिशन लिए सरकारी जमीन और निजी भूमि की मिट्टी झांसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक को लाखों रुपए की बेच दी है, ना तो इसमें तहसीलदार से परमिशन ली गई है और ना ही राजस्व की पूर्ति की गई है। इस तरह उन्होंने लाखों रुपए की राजस्व की चोरी की है जिस पर उनके खिलाफ तहसीलदार को एफ़आईआर दर्ज करना चाहिए।

### इनका कहना है

किसानों ने शिकायती आवेदन दिया है, मौके पर हल्का पटवारी को भेज कर जांच करवाते हैं, जांच रिपोर्ट के आधार पर ही वैधानिक कार्रवाई होगी।

**संदीप कुमार तिवारी**
तहसीलदार, नौगांव

# भयमुक्त वातावरण निर्मित करना हमारी जिम्मेदारी: अगम जैन

## पुलिस अधीक्षक ने पठापुर रोड पर किया जनसंवाद



**छतरपुर।** जिले में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु सभी नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा निरंतर भ्रमण कर आम जनमानस को भयमुक्त परिवेश का एहसास कराने हेतु जन संवाद किया जा रहा है। साथ ही गैर कानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण व जन समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते रोज कोतवाली थाना क्षेत्र के पठापुर रोड पर राम जानकी मंदिर के पास पुलिस अधीक्षक ने पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर वासियों से परिचय के साथ क्षेत्र की गतिविधियों व समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर एसपी श्री जैन ने कोतवाली थाना प्रभारी को अवैध शराब, जुआ, सट्टा माफियाओं पर सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अवैध कार्यों में संलिप्त होती दिखाई दे रही है। बच्चों को बुरे कामों से रोकना परिवार की जिम्मेदारी है। अगर गली मुहल्ले में कोई भी अवैध गतिविधि होती है, कोई भी गुण्डा बदमाश किसी को परेशान करता है तो इसकी जानकारी थाने में दे। पुलिस अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करेगी। उन्होंने बताया कि जनसंवाद का उद्देश्य यही है कि क्षेत्र में माहौल अच्छा बना रहे। रात में भी निकलते समय लोग भयभीत न हों। निगरानी गुंडा बदमाशों एवं आदतन अपराधियों पर निरंतर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। श्री जैन ने अपील करते हुए कहा कि आगामी त्यौहार शांतिपूर्ण मनाए,सोशल मीडिया पर चर्चा करते हुए सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक व विवादित पोस्ट ना डाले, यदि कोई डालता है तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित पुलिस थाने व कार्यालय में दें, स्वयं कोई निर्णय न लें, संबंधित के विरुद्ध शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान आम जनता के सवाल के जवाब भी पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए। पुलिस और आप एक दूसरे का सहयोग करें पुलिस आपके साथ है। जन संवाद कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक व उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने संपर्क नंबर भी साझा किये। कार्यक्रम में सीएसपी अमन मिश्रा, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर एवं जनप्रतिनिधि तथा नगर वासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### नगर निगम की टीम ने किया जलबदरी तालाब में श्रमदान

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार दिनांक 15/06/2024 को जल स्त्रोत संरक्षण एवं पुनर्जीवन अभियान के अंतगत जलबदरी तालाब में नगर निगम की टीम एवं नागरिको द्वारा जल स्त्रोत की साफ सफाई हेतु श्रमदान किया गया। श्रमदान के माध्यम से जल स्त्रोत में मौजूद जल कुम्भी को मानव श्रृंखला बनाकर उसकी साफ सफाई कराई गई साथ ही नागरिकों से अपील की गई की हमे अपने जल स्त्रोतों को गंदा नही करना चाहिए, जल स्त्रोत से ही हमको पीने योग्य पानी मिलता है अगर हम अपने जल स्त्रोतों को गंदा करते हैं तो हमे बीमारियों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम द्वारा जल स्त्रोत संरक्षण एवं पुनर्जीवन आभियान के अंतगत नगर निगम क्षेत्र में सभी जल स्त्रोत एवं नदी तालाबो में सफाई अभियान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील किया गया है कि अपने आस-पास में तालाबों, नदियों आदि में श्रमदान अवश्य करें। श्रमदान के इस अभियान में आईईसी टीम, वार्ड दरोगा एवं वॉर्ड के नागरिकगण मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बैठकों की तैयारी हेतु समीक्षा बैठक 18 जून को

**रीवा।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा जिले में आंकाक्षी विकासखण्डों में 25 जून को बेंच का आयोजन किया जाएगा। आयोग की बेंच के संबंध में की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा 18 जून को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में की जाएगी। प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिए हैं।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन दिवस पर आज कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**रीवा ।** प्रदेश में 5 जून से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत कुंए, बावड़ी, स्टाप डैम, तालाब तथा अन्य पुराने जल स्रोतों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से प्राचीन जल संरचनाओं की साफ-सफाई व नवीन कार्य भी कराए जा रहे हैं। इस अभियान का समापन आज 16 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर होगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने निर्देश दिए हैं कि समापन दिवस पर नदी, पोखर, तालाब आदि जल संरचानाओं के किनारे स्थापित मंदिरों की साफ-सफाई की जाए तथा पौध रोपण की तैयारियाँ सुनिश्चित की जाएं साथ ही सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाए।

### लघु वेतन कर्मचारी संघ ने किया बैठक।

रीवा। म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा रीवा के कार्यकारिणी की बैठक के.सी. त्रिपाठी उप प्रांताध्यक्ष एवम जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में संघ कार्यालय कोठी कंपाउंड रीवा में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 21 जून को प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा आहुत भोपाल स्थित नीलम पार्क में आंदोलन के लिए रणनीति तैयार की गई। जिले से अधिक से अधिक कर्मचारियों को भोपाल चलने की योजना तैयार की गई है। के.सी.त्रिपाठी ने बताया कि संभाग अंतर्गत रीवा, सीधी, सतना, सिंगरौली,मऊगंज और मैहर से सैकड़ो कर्मचारी आंदोलन में भाग लेगे। आंदोलन में प्रमुख रूप से महगांई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता,धुलाई भत्ता में वृद्धि,पदनाम परिवर्तन, वेतनमान में सुधार, कार्यभारित सेवको को अवकाश नगदीकरण का भुगतान, पदोन्नति, दैनिक वेतन एवं स्थाई कर्मी का नियमितीकरण, आंगनवाड़ी और आशा ऊषा को वेतनमान, अंश कालीन,आउट सोर्स,कोटवार को कलेक्टर दर घोषित करना शामिल है। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से धर्मपाल पटेल,नेपाल सिंह, मनोरंजन यादव,छोटेलाल गुप्ता,आशा वंशल,चंदनलाल तिवारी, रामराज शुक्ला, रामदरश तिवारी, अजय सिंह, राज कुमार, शिव कुमार पांडेय, कृष्ण कुमार मिश्रा, शिव कुमार सेन सहित अनेकों कर्मचारी शामिल हुए।

### मॉडल स्कूल के स्वर्ण जयंती वर्ष का समापन समारोह एवं पुरा छात्र सम्मेलन संपन्न

# गुरूओं के आचरण से जो सीखा वह आज भी काम आ रहा: उप मुख्यमंत्री

**रीवा ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा रीवा में संचालित आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के समापन समारोह एवं पुरा छात्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए विद्यालय के पुरा छात्र एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मॉडल स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार का भी पाठ पढ़ाया जाता है। संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी है। संस्कारयुक्त शिक्षा से संवेदनशीलता आती है जो जरूरतमंदों के जीवन में बदलाव लाने का भी कार्य करती है। उन्होंने कहा कि स्कूल की शिक्षा जीवन भर काम आती है। गुरूओं के आचरण से जो सीखा वह आज भी काम आ रहा है।
मॉडल स्कूल के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रीवा के बदलाव में मॉडल स्कूल व इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से योगदान है। इन संस्थानों के छात्र देश व प्रदेश में जहाँ भी हैं उन्होंने रीवा के विकास में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र व रीवा विकास की नई उड़ान भरने को तैयार है। सिंचाई सुविधाओं के विकास से यहाँ के लोगों में उन्नति आई है। आगामी पाँच वर्षों में जिले में नौ लाख एकड़ में सिंचाई की सुविधा मिलने लगेगी और रीवा उन्नति के उच्चतम शिखर पर स्थापित होगा। राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि बेरोजगारी को दूर करने के लिए उत्पादन व सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, उद्योगों की स्थापना, अधोसंरचना का विकास व ग्रोथ रेट बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। आर्थिक





गतिविधियों को बढ़ाने में अधोसंरचना विकास आवश्यक है। हमें ऐसा रीवा बनाना है जहाँ उद्यमियों में निवेश करने की होड़ लग जाए। उप मुख्यमंत्री ने मॉडल स्कूल के पुरा छात्रों से कहा कि वह अपने कत्र्तव्य स्थल में कार्य करते हुए रीवा के विकास के बारे में सोचें तथा रीवा के बदलाव की भी चर्चा करें जिससे लोगों को रीवा के बदलते हुए स्वरूप की ओर आकर्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन स्कूल के संबंधों को प्रगाढ़ करने का माध्यम होते हैं। पुरा छात्रों का इस कार्यक्रम में आना अपने विद्यालय के प्रति प्रेम को दर्शाता है। राजेंद्र शुक्ल ने मॉडल स्कूल की प्रतिष्ठा का श्रेय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य स्वर्गीय गुरू प्रसाद श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ गुरूजनों को दिया। उन्होंने विद्यालय में बनाई गई स्मार्ट कक्षाओं का लोकार्पण किया तथा आश्वस्त किया कि विद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि जिले में मॉडल स्कूल का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता रहा है। पुरा छात्रों के सम्मेलन में विद्यालय की प्रतिष्ठा का साक्षात्कार हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन पूर्व की स्मृतियों को तरोताजा कर देते हैं। छात्र को अपने शिक्षकों के योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों को एकता के साथ अपने संस्थान को उन्नति के शिखर तक ले जाने में सहभागी बनने की अपेक्षा की। जनार्दन मिश्र ने मॉडल स्कूल में पुरा छात्रों द्वारा वर्तमान में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के साथ संवाद के क्रम की सराहना की तथा अपेक्षा की कि गांव के पिछड़े व गरीब बच्चों को शिक्षा दान देने के लिए बच्चों को प्रेरित किया जाएगा। मॉडल स्कूल के पुरा छात्र एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दीपक खांडेकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में रीवा के बदले हुए स्वरूप की चर्चा की तथा पुरानी स्मृतियों को याद किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने जीवन में जो कुछ बन पाया वह मॉडल स्कूल के गुरूजनों द्वारा दिए गए शिक्षा एवं संस्कार से ही संभव हुआ। उन्होंने कहा कि मैं विद्यालय के अपने गुरूजनों एवं उनके परिजनों का हमेशा ऋणी रहूंगा। कार्यक्रम को रंगनाथ मिश्रा एवं राजीव सिंह बघेल ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन में एलुमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष, पुरा छात्र एवं प्राचार्य पंकज शर्मा ने बताया कि मॉडल स्कूल की स्थापना एक जुलाई 1974 को की गई थी। विद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के विषय में जानकारी दी तथा विद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।
कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने विद्यालय की स्मारिका सृजन पत्रिका का विमोचन किया। उन्होंने सूचना एवं प्रकाशन विभाग के पूर्व अधिकारी जेपी कौशल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पुरा छात्र एवं वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला ने विद्यालय की विरासत एवं उसके जीवन यात्रा की चर्चा की तथा विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं पुरा छात्रों की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के बारे में बताया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट किए गए। इस अवसर पर पीपी मिश्रा, अखिलेश सिंह, डॉ अनिल श्रीवास्तव, जैनेन्द्र तिवारी सहित पुरा छात्र एवं विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन भास्कर भट्टाचार्य ने किया।

# बहुचर्चित शिक्षाकर्मी घोटाले में 26 साल बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला, 14 दोषियों को मिली सजा



**रीवा।** जिले के बहुचर्चित शिक्षा कर्मी घोटाले में 26 साल बाद न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है, शुक्रवार को देर रात आए फैसले में 14 दोषियों को न्यायालय ने सजा सुनाई है। इस बहुचर्चित शिक्षाकर्मी घोटाले में 19 दोषियों के खिलाफ लोकायुक्त के द्वारा न्यायालय में रिपोर्ट पेश की गई थी जिसमें तकरीबन 26 साल तक चले इस ट्रायल में चार लोगों की मौत हो गई जिसमें से 14 लोगों को न्यायालय ने सजा सुना दी जबकि एक को दोषमुक्त किया है। लोकअभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला वर्ष 1998 का है, जब जनपद पंचायत जवा में शिक्षा कर्मी वर्ग 1, 2, 3 की भर्ती की जा रही थी। इस दौरान शासन के नियमों को ताक पर रखते हुए भर्ती में जमकर धांधली हुई और पात्र अभ्यर्थियों की शिकायत पर लोकायुक्त ने मामला दर्ज किया। इस दौरान जनपद पंचायत जवा से सबूत के आधार पर भारी मात्रा में दस्तावेज जप्त किए गए थे जिसमें 45 साक्ष और 240 दस्तावेज को न्यायालय ने गहन परीक्षण किया और इस मामले में बीती शाम 14 लोगों को सजा सुना दी गई । इस पूरे मामले में विचरण के दौरान चार लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें सीईओ बाबूलाल तिवारी नंद गोपाल तिवारी सुखलाल और राम शरण शुक्ला शामिल है। जबकि 19 में से एक आरोपी रामानंद तिवारी को दोष मुक्त किया गया है। रीवा के प्रथम आपर सत्र न्यायाधीश मुकेश मलिक की अदालत में 26 साल बाद इस मामले में फैसला सुनाया है जिसमें मौजूद 15 में से 14 लोगों को दोषीओ को अलग अलग धाराओं के तहत सजा सुनाई गई है इसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी 2 साल का कारावास और 3-3 हजार रूपए का जुर्माना किया गया है. इसके साथ ही धारा 367 के तहत 3 साल का कारावास और 5-5 हजार रुपय के जुर्माने से दंडित किया गया है जबकि धारा 471 के तहत दो साल के कारावास के साथ 5 हजार रुपय से दंडित किया गया है

## लकड़ी बीनने घर से निकले वृद्ध की जगल में मिली लाश

**रीवा।** जिले के तराई आंचल में स्थित डभौरा के जंगल में दो दिन से लापता हुए वृद्ध की लाश मिली है। पुलिस ने तकरीबन 9 किलोमीटर पगडंडियों में चलकर जंगल के भीतर से वृद्ध के शव को बरामद किया है, पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर पर जंगली जानवर द्वारा किए गए हमले और दांतों के निशान है, आशंका जाहिर की जा रही है कि बुजुर्ग की मौत जंगली जानवर भालू के हमले से हुई है, फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ओबरी निवासी 78 वर्षीय



लक्ष्मण प्रसाद यादव दो दिन पूर्व लकड़ी बिनने के लिए जंगल गए हुए थे, जहां से वह वापस घर नहीं लौटे परिजनों की शिकायत पर मामले में गुमशुदगी कायम कर लापता बुजुर्ग की तलाश शुरू की गई, तकरीबन दो दिनों से चल रही तलाश के दौरान शनिवार गांव से सटे जंगल में बुजुर्ग की लाश देखी गई जिसे पुलिस और ग्रामीणों ने तकरीबन 9 किलोमीटर तक पैदल पगडंडियों में चलकर बुजुर्ग के शव को बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक जिन परिस्थितियों में लापता वृद्ध का शव मिला है उससे प्रतीत हो रहा है कि जंगली जानवर द्वारा किए गए हमले से बुजुर्ग की मौत हुई है ।

**इनका कहना है**

मामले में जंगल के अंदर कई किलोमीटर चलने के बाद बुजुर्ग के शव को बरामद किया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

**ऋषभ सिंह बघेल डभौरा थाना प्रभारी रीवा**

## मजदूरी के लिए निकले दो दोस्तों, में से एक का नहर के किनारे मिला शव, दूसरा अभी भी लापता

**रीवा।** जिले के गुढ़ थानाअंतर्गत एक साथ घर से मजदूरी के लिए दो दोस्तों में एक की लाश मिली तो दूसरा अभी भी गायब है। घर से एक साथ निकले दो दोस्तों में एक को मृत अवस्था में पाया गया तो वही दूसरा गायब है जिसकी तलाश परिजन सहित पुलिस कर रही है। वही मृत हालत में मिले व्यक्ति के संबंध में परिजनों ने संदेह व्यक्त किया है, इसके बाद इस पूरे घटना की पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू कर दी है, घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि हर्दी गुढ़ निवासी राम स्वयंवर रावत जो तकरीबन 60 वर्ष का था अपने एक साथी सुखलाल यादव के साथ मजदूरी करने घर से निकला था जो काम से वापस तो लौटे लेकिन घर नहीं पहुंचे। शाम तकरीबन 5 बजे गांव के सरपंच ने यह संदेश दिया कि राम स्वयंवर रावत की मौत हो चुकी है जिसका शव महाडारी छोटी नहर के समीप पड़ा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे इसके बाद शव को पीएम के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया । परिजनों ने आरोप लगाया कि राम स्वयंवर कभी तंबाकू का सेवन नहीं करता था लेकिन उसके मुंह पर तंबाकू मिली है और उसके चेहरे पर चोट के निशान भी है, वही उसके साथी सुखलाल यादव का अभी तक पता नहीं चला है इस संबंध में परिजनों ने मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच की जाए।



## संगीत जीवन को तनाव से मुक्त कर देता है - उप मुख्यमंत्री

**रीवा ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 32वें सुरताल महोत्सव के प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने सतना के प्रसिद्ध गायक दीपक अंश तथा अदभुत नर्तक आदित्य मालवीय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संगीत का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। संगीत जीवन को तनाव से मुक्त कर देता है। गायन और वादन की कला जीवन में मिठास घोल देती है। श्री कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम विन्ध्य के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रहा है। मुकेश एण्ड मुकेश आर्केस्ट्रा ने पिछले 32 वर्षों से विन्ध्य में संगीत की अलख जगाई है। इसके जनक और गुणी कलाकार मुकेश दुबे जी असमय ही हम सबको छोड़कर चले गए लेकिन उनके परिवार के सदस्यों ने सुरताल महोत्सव की परंपरा को बनाए रखा। इसका लगातार और पूरी भव्यता से आयोजन हो रहा है। यह मंच विन्ध्य के कलाकारों को आगे बढ़ने के अवसर देने के साथ-साथ राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय कलाकारों के



माध्यम से कलाकारों को प्रेरित भी कर रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें सही समय पर अवसर मिले तो वो दुनिया फतह कर सकते हैं। हाल ही में थल सेना अध्यक्ष बने उपेन्द्र द्विवेदी रीवा के और कुछ दिनों पूर्व देश की नौसेना के अध्यक्ष बने दिनेश त्रिपाठी सतना के लाल हैं। आज देश की दो सेनाओं की कमान विन्ध्य के सपूतों के हाथ में है। क्रिकेट में ईश्वर पाण्डेय और कुलदीप सेन ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रीवा का नाम रोशन किया है। उप मुख्यमंत्री ने समारोह में द टाकिंग ट्विटर पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षित करने का यह इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और पुस्तक बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। अंतरा दुबे और श्लोक दुबे ने स्टार्टअप के रूप में बहुत शानदार कार्य किया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्टार्टअप और मेक इन इंडिया जैसे अवसर देकर युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। देश के लाखों युवा इन अवसरों का लाभ उठाकर नई सफलताएं प्राप्त कर रहे हैं। समारोह में समाजसेवी परमजीत सिंह डंग ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उप मुख्यमंत्री तथा अन्य अतिथियों का स्वागत देवेन्द्र दुबे, डॉ प्रवीण दुबे ने किया। समारोह का संचालन डॉ आरपी तिवारी ने किया। समारोह में पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित रहे।

## मऊगंज थाना क्षेत्र के चंदेह निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मौके पर पहुंची पुलिस



**मऊगंज।** थाना क्षेत्र के चंदेह गांव निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजनो में हड़कंप मच गया। परिजन पुलिस को सूचना दिये मोकेपर पहुंची पुलिस ने मौका पंचनामा तैयार कर शव पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया और पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया गया कि चंदेह गांव निवासी विकास पटेल 13-14 जून की दरमियानी रात घर आया और दरवाजा बंद कर कमरे में सो गया जब आज सुबह आठ बजे तक दरबाजा नही खुला तो परिजन आबाज लगाने लगे पर कमरे के अंदर से युवक की कोई हलचल नही दिखी तो किबाड़ तोड़कर परिजन कमरे मे गये तो देखा की मृत हालत मे युवक चारपाई के नीचे जमीन पर पड़ा था।परिजनो को संदेह है की अत्यधिक शराब पीने से उसकी मौत हुई होगी। क्योंकि जब वह घर आया था तो शराब का सेवन किये था। पुलिस ने पीएम के बाद सब परिजनों को सौंप दिया है।पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारण का पता चलेगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मऊगंज कलेक्टर ने स्टॉप डैम का किया भूमि पूजन

### हनुमना जनपद के भगदेवा पंचायत स्थित जोन्ही नदी में बनाए जाएंगे आधा दर्जन स्टॉप डैम

**मऊगंज।** जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मऊगंज जिले में भी 5 जून पर्यावरण दिवस से लगातार प्राचीन कुएं बावली और तालाबों झरनों की साफ सफाई के साथ-साथ जल संरक्षण हेतु नदी नालों तालाबों कूपों के पुनर्जीवन के लिए जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भगदेवा से गुजरने वाली जोन्ही नदी में जल संरक्षण हेतु स्टॉप डैम निर्माण का स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा भूमि पूजन किया गया। हनुमना जनपद पंचायत क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत से गुजरने वाली जोन्ही नदी में जल संरक्षण हेतु आवश्यकता अनुसार आधा दर्जन स्टॉप डैम बनाए जाने के साथ-साथ नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक देवी धाम जमीन का सीमांकन कराए जाने हेतु कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा जनपद एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 500 मीटर से लेकर 1 किलोमीटर की दूरी में जहां जैसी आवश्यकता हो नदी में स्टॉप डैम बनाए



जाएं। साथ ही निर्देश दिए की मुख्य मार्ग पर बनाए गए पुराने पुल की पुलिया को जामकर स्टाफ डैम का रूप दिया जाए जिससे व्यवस्थित रूप से जल भराव हो सके। इस दौरान माता मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आम जनमानस जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कलेक्टर श्रीवास्तव ने कहा कि पानी की खपत कम से कम करने की आदत डालें। उन्होंने कहा कि बीते 15 साल के अंतराल में जल स्तर काफी नीचे गिरा है। 5 वर्ष पूर्व जहां बोरिंग उत्खनन में 100 से 150 फीट के नीचे पर्याप्त पानी मिल जाता था वहीं आज 500 फिट से अधिक नलकूप खोदे जा रहे हैं फिर भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। जिसका सबसे बड़ा कारण जल संरक्षण न किया जाना है। उन्होंने कहा कि यही गांव की नदियां एवं नाले 12 महीने पानी से लबालब भरे होते थे तब के समय में पानी का संकट नहीं हुआ करता था। आज जल संरक्षण के अभाव में और पेड़ पौधों की कटाई होने के कारण स्थिति विकराल हो गई है। और यदि समय रहते हम सब नहीं चेते तो आने वाला कल भारी संकटमय होगा। इसलिए आप सभी से आग्रह है कि मिट्टी के कटाव को रोकने एवं शुद्ध वायु की प्राप्ति हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए साथ ही पुराने नदी नालों कूप बावली का जन सहयोग से जीर्णोद्धार करने में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि पानी की हर व्यक्ति एवं जीव पेड़ पौधों को विशेष जरूरत होती है। लेकिन आज परिस्थितियों ऐसी निर्मित हो गई है कि जल स्तर काफी नीचे गिर चुका है। ध्यान रखें हम खजाने को ख़ाली कर रहे हैं। एक दिन यह खजाना पूर्ण रूपेण खाली हो जाएगा। यदि समय रहते हम नहीं चेते और बूंद-बूंद पानी को संरक्षित नहीं किया तो आने वाला कल बेहद विकराल होगा। कलेक्टर श्रीवास्तव ने कहा कि पानी के संरक्षण में पेड़ पौधों का विशेष योगदान है जो शुद्ध वायु के साथ-साथ मिट्टी के कटाव को रोकते हैं आने वाली पीढ़ी के लिए यह बहुत बड़ी चुनौती है। इसलिए आप सभी से अपील है कि जल संरक्षण एवं पौधारोपण जैसे जीवनदाई पुनीत कार्य के लिए तन मन एवं धन से अपनी सहभागिता दर्ज कराएं ताकि आने वाला कल सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि पौधे जरूर लगाए और उसकी बेहतर सुरक्षा करें। आयोजित कार्यक्रम दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा दिलाई गई शपथ में जनप्रतिनिधियों कर्मचारीयों समाजसेवियों एवं आम जनमानस ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने एवं सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान मऊगंज जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह एसडीएम हनुमना राजेश मेहता सीईओ अजय खरे सहित राजस्व जनपद के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं आमजन मौजूद रहे।